# चुनाव को लेकर जोन ऑफिस में एडीजी ने की मीटिंग

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (3 April):** पंचायत चुनाव को लेकर एडीजी अविनाश चंद्र ने शनिवार को जोन कार्यालय में आइजी बरेली रमित शर्मा और आइजी मुरादाबाद शलभ माथुर के साथ बैठक की. इस दौरान उन्होंने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव सकुशल निपटाने के लिए तैयारियों की समीक्षा की. खुराफातियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए है. उन्होंने साफ कहा है कि पंचायत चुनाव को लेकर कोई भी खुराफात करे तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए. इसी के साथ उन्होंने सभी एसएसपी व एसपी को क्षेत्र में भ्रमणशील रहने और ग्रामीणों के साथ मीटिंग करने के साथ ही अन्य आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं.



मीटिंग करते एडीजी जोन अविनाश चंद्र.

# अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन अविनाश चन्द्र ने पंचायत चुनाव के लिए तैयारियां तेज

## आईजी रमित शर्मा ,डीआईजी शलभ माथुर पुलिस अफसरों के साथ हुई गोष्ठी

**मॉर्निंग ब्यूरो**

**बरेली** । पंचायत चुनाव को लेकर अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन अविनाश चन्द्र ने पुलिस अफसरों के साथ बैठक की।उन्होंने कहा कि चुनाव मे किसी भी प्रकार की गड़बड़ी नही होनी चाहिये। अधिकारियों को संभावित प्रत्याशियों के आपराधिक रिकॉर्ड खंगाल कर उनकी पूरी जानकारी इकट्ठा करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहे लोगों के शस्त्र लाइसेंस निर्लंबित करने को भी कहा गया है। अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन अविनाश चन्द्र ने शनिवार को आईजी रमित शर्मा और डीआईजी शलभ माथुर और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन अविनाश चन्द्र ने सभी संबंधित पुलिस अधिकारियों को आगामी पंचायत चुनावों के दृष्टिगत जानकारी दी गई और आवश्यक दिशा-निर्देश है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि महिला संबंधी अपराधों के विरुद्ध पुलिस को कड़ा रुख अपनाना है। वहीं चेन छिनैती, छेड़छाड़ आदि जैसी घटनाओं को रोकने के लिए भी निर्देश दिए गए।




उन्होंने आगामी ग्राम पंचायत चुनाव को प्रभावित करने के उद्देश्य से अवैध शराब की बिक्री को रोकने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। अविनाश चन्द्र ने कहा कि मानव प्रबंधन का विशेष ध्यान रखा जाए ताकि चुनावों के दौरान किसी प्रकार की कोई समस्या न हो। उन्होंने कहा कि दंगा विरोधी उपकरणों की प्रत्येक थाने पर पर्याप्त मात्रा सुनिश्चित की जाए ताकि कोई अप्रिय घटना घटित होने पर उससे तुरंत निपटा जा सके।

# चुनाव में थ्री नाट थ्री से लैस रहेंगे होमगार्ड : एडीजी

**बरेली (एसएनबी)।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की सुरक्षा-व्यवस्था की चुनौती से निपटने के लिए इस बार जोन के सभी नौ जनपदो में पंचायत चुनाव की ड्यूटी में मुस्तैद होमगार्ड जवान हाथों में डंडे की जगह थ्री नॉट थ्री राइफल थामे नजर आएंगे।

पुलिस मुख्यालय से क़ानून व्यवस्था क़ायम रखने को लेकर मिले निर्देशों का सत प्रतिशत पालन कराने के निर्देश एडीजी अविनाश चंद्र ने रामपुर, मुरादाबाद, संभल, अमरोहा, बिजनौर, बदायूँ, शाहजहाँपुर, पीलीभीत व बरेली के पुलिस कप्तानो को दिए है। एडीजी अविनाश चन्द्र ने बताया कि जोन के सभी नौ जिलो के ज़िम्मेदारों को चुनाव ड्यूटी में तैनात होमगार्ड जवानों को थ्री नॉट थ्री राइफल देने का निर्देश दिया है।

**सकुशल चुनाव सम्पन्न कराने को जोन पुलिस प्रतिबद्ध**

एडीजी ने यह भी बताया कि जिलों मे आवश्यकता के अनुसार थ्री नॉट थ्री राइफल का प्रशिक्षण प्राप्त होमगार्डो को सुरक्षा ड्यूटी पर लगाया जाएगा। किस जिले मे कितने होमगार्ड राइफल के साथ मुस्तैद किए जाएंगे, इसका निर्णय संबंधित जिले के एसपी के स्तर से लिया जाएगा। चुनाव ड्यूटी के बाद राइफलो को वापस मालखाने मे जमा कराने के निर्देश एडीजी क़ानून व्यवस्था प्रशांत कुमार द्वारा दिए गए है। ज्ञात रहे कि यह वही राइफल है, जिसे पुलिस ने बीते वर्ष 26 जनवरी की परेड में विदाई दी थी और अंग्रेजो के जमाने से पुलिस की साथी रही थ्री नॉट थ्री राइफल चलन से बाहर हो गई थी। अब एक बार फिर यह राइफल चुनाव के दौरान मालखानो से बाहर आएगी और सुरक्षा ड्यूटी के मोर्चे पर होमगार्ड जवानो का साथ निभाएगी।



चुनाव की सुरक्षा व्यवस्था बैठक करते एडीजी जोन अविनाश चन्द्र।

## संक्षिप्त खबरें

### स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**रिठौरा-बरेली।** रोहिलखंड प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रिठौरा मे शनिवार को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन डॉ रश्मि कात्याल के नेतृत्व में किया गया जिसमे स्त्री रोग विशेषज्ञ नेत्र रोग विशेषज्ञ दंत रोग विशेषज्ञ ह्रदय रोग विशेषज्ञ जैसे तमाम असाध्य रोगों के विशेषज्ञ टीम द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही रोगियो को कोरोनावायरस से बचने के तरीके भी बताए। इस मौके पर डॉक्टर नूपुर, डाक्टर अजीम, डॉक्टर मीनाक्षी, डॉक्टर अभिषेक अग्रवाल, डॉक्टर आलोक चौहान, कासिम अंसारी, रामपाल,

## एडीजी की अध्यक्षता में चुनाव की तैयारी बैठक

**बरेली (एसएनबी)।** पंचायत चुनाव को लेकर पुलिस ने कमर कसनी शुरू कर दी। पंचायत चुनाव के दृष्टिगत असामाजिक तत्वों व चुनाव के दौरान माहौल बिगाड़ने वाले लोगो के खिलाफ पुलिस ने निरोधात्मक कार्रवाई शुरू कर दी है। लाइसेंसी असलाह धारकों ने पुलिस के निर्देश पर असलाह भी थानों में जमा कराने शुरू कर दिए है।

पंचायत चुनाव की तैयारियों के सम्बंध में एडीजी अविनाश चन्द्र ने शनिवार को जोन कार्यालय सभागार मे आईजी रमित शर्मा ,एसएसपी रोहित सिंह सजवाण व पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर दिशा निर्देश दिए ।उन्होंने कहा कि शासन से आए निर्देश के अनुसार जिले में चुनाव को शांतिपूर्वक ढंग से सम्पन्न कराने की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। सभी जनपदो में चुनाव सैल का गठन कर दिया है। पिछले पंचायत चुनाव में चिन्हित किए गए संवेदनशील व अति संवेदनशील गांवों की सूची को लेकर नयी सूची तैयार की जा रही है। जिन स्थानो पर चुनाव के दौरान गड़बडी? हुई है। उन गांवो का आंकड़ा भी चुनाव सैल तैयार कर रहा है। जिला प्रशासन ने भी बड़े स्तर पर चुनाव की तैयारियो में असमाजिक तत्वों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई भी शुरू कर दी है।एडीजी ने प्रत्येक जनपद के थाना प्रभारियो को उनके क्षेत्र के आपराधिक लोगों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए है। इसके अलावा चुनावी रंजिश के आंकड़ों को लेकर दोनों पक्षो के खिलाफ कार्रवाई अमल मे लायी जा रही है। हालाँकि पंचायत चुनाव को लेकर युद्ध स्तर पर कार्रवाई की जा रही है।

## खुराफातियों पर करें सख्त कार्रवाई : एडीजी

जासं, बरेली : पंचायत चुनाव को लेकर एडीजी अविनाश चंद्र ने शनिवार को जोन कार्यालय में आइजी बरेली रमित शर्मा और आइजी मुरादाबाद शलभ माथुर के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने त्रिस्तरीय चुनाव सकुशल निपटाने के लिए तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने खुराफातियों की निगरानी के साथ ही उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए है। उन्होंने साफ कहा है कि चुनाव में अड़चन डालने वालों के खिलाफ सूची बनाकर कार्रवाई की जाए। उन्होंने सभी एसएसपी व एसपी को क्षेत्र में भ्रमणशील रहने और ग्रामीणों के साथ बैठक कर समस्याएं सुनने के निर्देश दिए हैं।

## एडीजी ने की चुनाव की तैयारियों की समीक्षा



पंचायत चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करते एडीजी। *अमर उजाला*

**बरेली।** अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन अविनाश चंद्र ने शनिवार को जोन कार्यालय सभागार में पुलिस महानिरीक्षक बरेली परिक्षेत्र रमित शर्मा और पुलिस उप महानिरीक्षक मुरादाबाद परिक्षेत्र शलभ माथुर के साथ बैठक की। एडीजी ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए अब तक की गईं तैयारियों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। ब्यूरो

# कच्ची शराब के धंधेबाजों पर कसा शिकंजा, 31 पकड़े

### 810 लीटर कच्ची शराब और 650 किलो लहन बरामद, डीएम के निर्देश पर दिनभर चला छापामार अभियान

संवाद न्यूज एजेंसी

**पीलीभीत।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की घोषणा के बाद संभावित प्रत्याशी वोटरों को लुभाने के लिए शराब बांट रहे हैं। होली से दो दिन पहले पूरनपुर इलाके में संभावित प्रत्याशी ने बांटी शराब पीने से एक ग्रामीण की मौत हो गई थी, लेकिन मामले को दबा दिया गया। बदायूं में शराब से चार लोगों की मौत होने बाद पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गया। शनिवार को डीएम के निर्देश पर चलाए गए अभियान में 31 लोग गिरफ्तार किए गए। उनके पास 810 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई।

जिला पंचायत व बीडीसी सदस्य और प्रधान पद के संभावित प्रत्याशी चुनाव जीतने के लिए हर फंडा अपना रहे हैं। वोटरों को लुभाने का सबसे अच्छा तरीका शराब का माना जाता है। सो संभावित प्रत्याशी गांवों में रात को शराब बांटने के साथ मछली और मुर्गा की पार्टियां कर रहे है। होली के अवसर पर संभावित प्रत्याशियों ने जमकर शराब बांटी थी। होली से दो दिन पहले पूरनपुर इलाके के एक गांव में संभावित प्रत्याशी की ओर से बांटी गई शराब पीने से दो लोगों की तबीयत बिगड़ गई थी। इसमें 50 वर्षीय ग्रामीण की मौत हो गई थी। शराब संभावित प्रत्याशी के बांटने की चर्चा फैली थी। मगर संभावित प्रत्याशी पक्ष के लोगों ने मृतक के परिवार वालों को लालच देकर चुप कर दिया। मृतक का पोस्टमार्टम कराए बगैर अंतिम संस्कार कर दिया गया। मौका होली और पंचायत चुनाव का था इसलिए पुलिस खामोश रही।

अब बदायूं में जहरीली शराब से चार लोगों की मौत होने के बाद संभावित प्रत्याशियों के शराब बांटे जाने की पुष्टि हुई है। यहां जिले में बड़े पैमाने पर कच्ची शराब का धंधा होता है। त्रिस्तीय पंचायत चुनाव की घोषणा के बाद कच्ची शराब का धंधा और बढ़ गया। अब डीएम पुलकित खरे ने प्रशासन और पुलिस के अफसरों को अवैध शराब बनाने और बेचने वालों पर शिकंजा कसने के निर्देश दिए हैं। इसकी जिम्मेदारी एसडीएम व सीओ को दी गई है। साथ ही ऐसे गांवों पर नजर रखने के निर्देश दिए हैं, जहां संभावित प्रत्याशी वोटरों को शराब बांट रहे हैं, या पार्टियां आयोजित कर रहे हैं।

शनिवार को जिले भर में शराब बनाने और बेचने वालों के खिलाफ अभियान चलाया गया। इस दौरान कुल 31 लोग गिरफ्तार किए गए। इनसे 810 लीटर कच्ची शराब और 650 किलो लहन बरामद हुआ। लहन मौके पर नष्ट कर दिया गया।



कलीनगर में दाबिश के दौरान घर में पकड़ी गई कच्ची शराब और लहन।

### इन इलाकों में होता है कच्ची शराब का धंधा

लदपुरा, अमखेड़ा, जगीपुर, ढकिया, लौकहा, कलीनगर, मझारा, कटकवारा, वीरखेड़ा, हजारा, सिदधनगर, टाटरगंज, माधोटांडा, डगा, जमुनिया, पताबोझी, भगवंतापुर, घुंघचाई, बेल्हा, राधवपुरी, पुरैना, परेवा वैश्य, सिमरा ताल्लुके महाराजपुर समेत सीमावर्ती इलाकों और शारदापार, देवहा नदी किनारे व जंगल से सटे कई इलाकों में शराब के धंधेबाज सक्रिय रहते हैं।



पंचायत चुनाव के मद्देनजर कच्ची शराब के धंधे पर शिकंजा कसने के लिए आबकारी व पुलिस के अधिकारियों को लगाया गया है। इसके अलावा समस्त एसडीएम को अपने क्षेत्र में भ्रमण कर टीम के साथ धरपकड़ करने के निर्देश दिए गए हैं। इस पर भी नजर रखी जाए कि कहीं कोई प्रत्याशी शराब तो नहीं बांट रहा। - **पुलकित खरे**, डीएम

## कच्ची शरब के साथ इनकी हुई गिरफ्तारी

**पीलीभीत।** एसपी किरीट कुमार ने बताया कि अभियान के दौरान कोतवाली पुलिस ने गांव बकसपुर निवासी डोरीलाल, कल्लू, मोहल्ला बेनी चौधरी निवासी अनवर को उनके घरों से पकड़ा। सभी से 20-20 लीटर शराब बरामद हुई।

सुनगढ़ी पुलिस ने गांव भंगा मोहम्मदगंज निवासी रामेश्वर दयाल, गांव खजुराह गौटिया निवासी ओमप्रकाश, माखनलाल को 60 लीटर शराब के साथ पकड़ा। गजरौला में गांव पिपरिया भजा निवासी काशीराम, गांव सिरसा सरदाह निवासी रामखिलवान, गांव कल्यानपुर निवासी महेश को 60 लीटर शराब के साथ पकड़ा। बरखेड़ा पुलिस ने गांव गाजीपुरकुंडा में दबिश दी। यहां से कमलेश, डंडिया भगत निवासी कृष्णपाल, हरीश, सुनील और उमरिया गांव निवासी सुनील पुत्र प्रेमपाल, जगदीश, कुंवरसेन को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से 100 लीटर शराब बरामद हुई। बीसलपुर पुलिस ने गांव राजपुरी निवासी बनवारीलाल, गांव ढकवारा निवासी विश्राम सिंह को 40 लीटर शराब के साथ पकड़ा।

मोहल्ला दुबे निवासी अजीत, चमन को 20 लीटर शराब के साथ पकड़ा। बिलसंडा पुलिस ने गांव निर्मलगंज गौटिया ईटगांव निवासी जंगबहादुर, गांव ईरादतपुर पगार निवासी चंद्रपाल से 40 लीटर शराब बरामद हुई। दियोरियाकलां पुलिस ने गांव पसगंवा निवासी हरिओम, महदखास गांव निवासी सड़ले को 110 लीटर कच्ची शराब और उपकरण के साथ गिरफ्तार किया। इसके अलावा पूरनपुर के दिलावरपुर निवासी प्रेमपाल, माधोटांडा क्षेत्र के गांव बंगला निवासी राकेश और गांव बड़ी महदखास निवासी भूपराम को 120 लीटर शराब के साथ पकड़ा। जहानाबाद के गांव सरौरी निवासी संतोष कुमार, परमानंद से 80 लीटर शराब बरामद हुई।

खमरिया पुल निवासी पूरनलाल से 40 लीटर, मोहल्ला पुरैना निवासी दयाराम से 20 लीटर, गांव जटपुरा निवासी राजाराम से 10 लीटर, भगवंतपुर बझेडा निवासी महेंद्रपाल से 50 लीटर, गौनेरी दान निवासी रामचंद्र के पास से 20 लीटर शराब बरामद हुई।

न्यूरिया के गांव विजयपुर निवासी कुलवंत सिंह, गुरमीत सिंह के पास से 40 लीटर शराब बरामद की गई। इसके अलावा अमरिया, माधोटांडा, सेहरामऊ, हजारा में भी गिरफ्तारी कर शराब बरामद की गई। अभियान आगे भी चलेगा। **संवाद**



पुलिस लाइंस में मौजूद कच्ची शराब के साथ पकड़े गए आरोपी। संवाद

# अवैध शराब बिक्री पर होगी सख्त कार्रवाई

रामपुर | निज संवाददाता

जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मादड़ और पुलिस अधीक्षक शगुन गौतम ने पंचायत चुनाव के मद्देनजर जनपद के शराब विक्रेताओं एवं आबकारी अधिकारियों के साथ की गयी मीटिंग की, जिसमें कहा कि अगर अवैध शराब की बिक्री हुई तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

शनिवार को कलक्ट्रेट सभागार कक्ष में शराब विक्रेता एवं आबकारी अधिकारियों के साथ मीटिंग की गयी। सभी को निर्देशित किया गया कि अपनी दुकान के अगल-बगल की पूरी जानकारी रखें। कहीं भी अगर अवैध शराब का निर्माण अथवा बिक्री हो रही हो तो उसकी सूचना तत्काल दें। अपनी दुकान पर केवल जनपद के थोक अनुज्ञापन से प्राप्त वैध मदिरा ही रखेंगे। अगर कोई अन्य श्रोत से मदिरा लाकर बिक्री करता पाया जाता है तो दुकान के निरस्तीकरण के साथ ही उनके विरूद्ध कठोरतम कार्यवाही की जायेगी। दुकान पर रेटलिस्ट रखें और उसके अनुरूप ही बिक्री करें। दुकान पर किसी को बैठकर सेवन न करने दें। मतदान एवं मतगणना में बन्दी के दिनों में दुकान पूरी तरह से बन्द रखें।

# शिकायतों का करें तत्काल निस्तारण: एडीजी

**सख्ती**

रामपुर | निज संवाददाता

अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन अविनाश चन्द्र ने पंचायत चुनाव को लेकर पुलिस अफसरों के साथ गोष्ठी की। इस दौरान चुनाव को शांतिपूर्वक कराने के लिए सख्त कार्रवाई की हिदायत दी।

जनपद में पंचायत चुनाव की प्रक्रिया चल रही है। चुनाव पहले चरण में होना है, जिसके लिए 15 अप्रैल को मतदान होगा। चुनाव को शांतिपूर्वक कराने के लिए पुलिस अफसर कसरत में जुटे हैं। एडीजी अविनाश चन्द्र रामपुर पहुंचे और पुलिस लाइन में अफसरों एवं थाना प्रभारियों के साथ गोष्ठी की, जिसमें उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव-2021 शांति एवं कानून व्यवस्था बेहतर बनाए रखने के साथ कराए जाएं। गोष्ठी में मौजूद समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्वाचन के दौरान आचार संहिता का पालन करायें। शान्ति भंग करने वालों का चिन्हीकरण कर उनके विरूद्ध कठोर कार्यवाही करें, जिससे जनपद में कानून व्यवस्था कायम रहे। अपने-अपने थाना क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटरों पर सतर्क दृष्टि रखें। चुनाव के दौरान अवैध शराब निर्माण व बिक्री की रोकथाम की जाए और अन्य आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने को क्षेत्र में लगातार भ्रमणशील रहें। जगह-जगह डयूटी प्वाइन्ट चिन्हित कर पिकेट डयूटी लगायें। क्षेत्र में लगी ड्यूटियों को समय-समय पर चैक करें। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया है कि थानों पर प्राप्त होने वाले शिकायती प्रार्थना पत्रों का तत्काल निस्तारण करें। थानों पर पंजीकृत अभियोगों की विवेचनाओं की निष्पक्ष एवं तथ्यों के आधार पर शीघ्र विधिक निस्तारण करायें।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक शगुन गौतम, एएसपी संसार सिंह, समस्त क्षेत्राधिकारी, समस्त थाना प्रभारी, चुनाव सेल प्रभारी एवं अन्य शाखा प्रभारी मौजूद रहे।



पुलिस लाइन मे मीटिंग में बोलते एडीजी अविनाश चंद्र। • हिन्दुस्तान

# गैंगेस्टर धर्मानंद भटनागर की 3.37 करोड़ की संपत्ति जब्त

**कार्रवाई**

मुरादाबाद | कार्यालय संवाददाता

गिरोह बनाकर छात्रवृत्ति घोटाला और अन्य वारदातों को अंजाम देने वाले स्कूल संचालक धर्मानंद भटनागर पर शनिवार को बड़ी कार्रवाई हुई है। धर्मानंद की अवैध रूप से अर्जित की गई 3 करोड़ 37 लाख 32 हजार रुपये की संपत्ति को प्रशासन ने जब्त कर लिया। इसमें दो स्कूल, दो मकान, वाहन और बैंक खाता शामिल हैं।

सीओ ठाकुरद्वारा डॉ. अनूप सिंह ने बताया कि जनवरी में भोजपुर के पीपलसाना निवासी आरोपी धर्मानंद भट्नागर के खिलाफ गैंगेस्टर की कार्रवाई की गई थी। धर्मानंद ने लाइनपार प्रकाश नगर गली नंबर 3 में भी अपना मकान बनाया है। धर्मानंद गिरोह बनाकर छात्रवृत्ति घोटाला, अवैध शस्त्र फैक्ट्री चलाने जैसी घटनाओं को अंजाम दे रहा था। गैंगेस्टर की कार्रवाई के बाद उसकी अवैध रूप से अर्जित संपत्ति को जब्त करने के लिए रिपोर्ट एसएसपी के माध्यम से डीएम के समक्ष भेजी गई थी। डीएम के यहां से गैंगेस्टर एक्ट की धारा 14(1) के तहत संपत्ति जब्त करने का आदेश दिया गया था। एसडीएम ठाकुरद्वारा के निर्देश पर डिलारी एसओ सतराज सिंह और राजस्व विभाग की टीम ने शनिवार को की कार्रवाई की।



गैंगेस्टर धर्मानंद भटनागर के स्कूल को सील करती पुलिस व राजस्व विभाग की टीम। • हिन्दुस्तान

### जब्त संपत्ति और उसकी कीमत

| संपत्ति | कीमत |
|---|---|
| आनर्द पब्लिक इंटर कॉलेज भोजपुर | 2.13 करोड़ |
| आनंद पब्लिक स्कूल नानूखना डिलारी | 42.38 लाख |
| तीन मंजिला मकान | 43.36 लाख |
| तीन मंजिला मकान | 14.50 लाख |
| पत्नी दिव्या भट्नागर के नाम की कार | 9.04 लाख |
| पीएनबी का एक बैंक खाता | 2.67 लाख |

- जिले में अब तक की यह सबसे बड़ी कार्रवाई है। इससे पूर्व कांठ में फहीम नाम के हिस्ट्रीशीटर की करीब 77 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की थी।

### दो करोड़ की छात्रवृत्ति का कर चुका है घोटाला, चला रहा था शस्त्र फैक्ट्री

डीलारी एसओ सतराज सिंह ने बताया कि गैंगेस्टर का आरोपी धर्मानंद भट्नागर शातिर अपराधी है। धर्मानंद शिक्षण ने सत्र 2015-16 में अपने स्कूलों के माध्यम से करीब दो करोड़ रुपये का छात्रवृत्ति घोटाला किया गया था। इस मामले में सिविल लाइंस थाने में 2016 में एफआईआर दर्ज की गई थी। उसमें दो साल तक जेल में रहा था। जेल में रहने के दौरान ही उसकी मुलाकात निक्की सैफी से हुई, जो अवैध असलहे बनाने और बेचने का काम करता था। लॉकडाउन में जब स्कूलों में ताला लगे तो धर्मानंद ने निक्की के साथ मिलकर आनंद पब्लिक स्कूल में अवैध शस्त्र बनाने की फैक्ट्री शुरू कर दी थी। अक्तूबर में छापेमारी करके अवैध शस्त्र फैक्ट्री का खुलाया किया गया था। जिसमें बड़ी संख्या में बने और अधबने असलहे बरामद किए गए थे। इसी के बाद जनवरी में गैंगेस्टर की कार्रवाई की गई थी।

# मजदूर के कत्ल में आजीवन कैद

**बरेली | विधि संवाददाता**

अपर जिला जज प्रथम सुनील कुमार वर्मा की अदालत ने मजदूरी के पैसों के विवाद में मजदूर का कत्ल करने के आरोपी राशिद को सश्रम आजीवन कारावास की कैद की सजा सुनायी। अदालत ने हत्यारोपी पर दस हजार का जुर्माना भी ठोका है।

एडीजीसी क्राइम सचिन जायसवाल ने बताया कि थाना बारादरी में एजाजनगर गौटिया निवासी सद्दाम ने एफआईआर दर्ज करायी थी। आरोप था कि वह और उसका भाई निजाकत और पड़ोसी राशिद के नाबालिग लड़के एक साथ मजदूरी पर काम करते थे। 18 अगस्त 2016 को तीनों भुता में लिंटर डालकर लौटे थे।



मजदूरी के पैसों को लेकर निजाकत और राशिद के नाबालिग बेटे में विवाद हो गया। सद्दाम ने दोनों को समझाकर घर भेज दिया। थोड़ी देर बाद राशिद अपने नाबालिग बेटे के साथ आ धमका। राशिद ने निजाकत के दोनों हाथ पकड़ लिये और राशिद के नाबालिग बेटे ने मुर्गा काटने वाले चाकू से ताबड़तोड़ वार किये। गभीर रूप से घायल निजाकत को लेकर उसका भाई जिला अस्पताल लेकर गया। जहां डॉक्टरों ने निजाकत को मृत घोषित कर दिया। सुनवाई के बाद आदालत ने आरोपी को सजा दी।

# नेपाल से लाई गई 10.5 किलो अफीम के साथ तस्कर गिरफ्तार

**संवाद न्यूज एजेंसी**

## एसटीएफ ने कैंट पुलिस के साथ सेटेलाइट चौराहे से पकड़ा

**बरेली।** नेपाल से अफीम की तस्करी करने वाले युवक को एसटीएफ ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से साढ़े दस किलो अफीम बरामद हुई है।

एसटीएफ को काफी समय से सूचना मिल रही थी नेपाल से बड़ी मात्रा में अफीम भारत लाई जा रही है। अफीम को फलों की टोकरी में छिपाकर उत्तराखंड के रास्ते पश्चिमी उत्तर प्रदेश में लाया जा रहा है। शनिवार को एसटीएफ को सूचना मिली कि नेपाल से लाई गई अफीम की खेप सेटेलाइट बस स्टैंड से होकर ले जाई जा रही है।

इस पर एसटीएफ ने कैंट पुलिस की मदद से घेराबंदी करके एक युवक को पकड़ लिया। पकड़ा गया युवक सुभाषनगर थानाक्षेत्र की प्रगतिनगर कॉलोनी का श्याम बाबू गुप्ता है। उसकी कार से पुलिस ने दस किलो पांच सौ ग्राम अफीम बरामद की है।

इंस्पेक्टर कैंट राजीव कुमार सिंह ने बताया कि श्याम बाबू अफीम को नेपाल से 65 हजार रुपये किलो में खरीदकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों समेत हरियाणा के सोनीपत में अर्जुन जाट को पांच से छह हजार रुपये प्रति दस ग्राम की दर से फुटकर में सप्लाई करता था। एसटीएफ की पूछताछ में यह भी पता चला कि पहले श्याम बरेली के ही अकरम से अफीम खरीदता था। अकरम को एसटीएफ ने जेल भेज दिया तो श्याम नेपाल से अफीम लाकर सप्लाई करने लगा।

# पुलिस ने पकड़ी 32 लाख की देशी शराब

मिलक/रामपुर | निज संवाददाता

पुलिस ने चेकिंग के दौरान 32 लाख की देशी शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, जबकि तीन आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस उनकी तलाश कर रही है। आरोप है कि यह शराब पंचायत चुनाव में परोसने को ले जाई जा रही थी।

जनपद में पंचायत चुनाव चल रहा है। प्रत्याशी मतदाताओं की खातिरदारी कर रहे हैं। दावतों का दौर भी चल रहा है और शराब भी परोसी जा रही है। ऐसे में सस्ती देशी शराब का भी खूब इस्तेमाल किया जा रहा है। रविवार को आबकरी विभाग और मिलक पुलिस को सूचना मिली कि शराब से भरा कैंटर ले जाया जा रहा है, जिस पर पुलिस ने घेराबंदी कर ली। मिलक में भैंसोड़ी के पास मोड़ पर पुलिस ने वाहन को रोक लिया।



मिलक पुलिस द्वारा पकड़ी गई अवैध शराब।

तलाशी लेने पर कैंटर में देशी मस्ती की एक हजार पेटी भरी थीं, जिनमें 45 हजार पव्वे थे। पुलिस के अनुसार इनकी कीमत करीब 32 लाख रुपये है। पुलिस ने मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया, जबकि तीन आरोपी फरार हो गए। पकड़ा गया आरोपी महफूज अली पुत्र महबूब अली निवासी भोट का मझरा थाना भोट का है। फरार तीनों आरोपियों की तलाश की जा रही है। गिरफ्तारी टीम में प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह, वरिष्ठ उप निरीक्षक बृजेश सिंह चौहान आदि शामिल रहे।